तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 5 सितंबर 2024

10 एनएसयूआई-एबीवीपी में जूतम पैजार, अखाड़ा ...



12 अपनी आंखों की रोशनी गंवा चुके शिक्षक तेजराम बच्चों के जीवन में ...





श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# बिना पारिश्रमिक 9 साल से बच्चों को पढ़ा रहे योगेश, सरपंच बनने के बाद भी नहीं छोड़ा पढ़ाना

शिक्षक दिवस पर विशेष

लाटाबोड़ ▶▶| (असवन साहू)

गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भाठागाँव (बी) स्थित शासकीय अनुदान प्राप्त नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला में ग्राम पंचायत बिरेतरा के सरपंच योगेश कुमार देशमुख विगत 9 साल से एक शिक्षक के रूप में निःशुल्क सेवा प्रदान कर रहे हैं। आज शिक्षक दिवस के अवसर पर हम एक ऐसे व्यक्ति के बारे में बता रहे हैं, जो वर्तमान में ग्राम पंचायत बिरेतरा के युवा सरपंच हैं साथ ही दोहरी जिम्मेदारी निभाते हुए शिक्षकों की कमी से जूझ रहे नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव (बी) में बच्चों को पढ़ा भी रहे हैं। एक ओर जहां वे ग्राम पंचायत में सरपंच के रूप में शासन प्रशासन की योजनाओं के माध्यम से ग्राम विकास में योगदान दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों को पढ़ाकर देश के उज्जवल भविष्य की दिशा में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्री देशमुख एक शिक्षक के रूप कक्षा 11वीं व 12 वीं के बच्चों को अर्थशास्त्र विषय की पढ़ाई कराते हैं। उन्होंने बताया कि वे इस विद्यालय में सत्र 2016-2017 से सेवाएँ दे रहे हैं। श्री देशमुख ने कहा कि वर्ष 2020 में हुए पंचायत चुनाव में लोगों ने उन्हें ग्राम का मुखिया चुना और ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिस स्कूल से पढ़कर निकले, वहां के बच्चों का भविष्य सुधारने का उठाया बीड़ा

### सरपंच के रूप में भी निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका



शिक्षक के साथ ही श्री देशमुख सरपंच के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा ▶▶| शेष पेज 10 पर




### 1964 में शुरू हुआ था विद्यालय

श्री देशमुख ने बताया कि इस विद्यालय का संचालन मुख्य रूप से आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा सन 1964 में शुरू किया गया था। उन दिनों आस पास 30-35 किमी तक कोई स्कूल नहीं था। तब बच्चों की परेशानियों को देखते हुए यहां स्कूल की शुरुआत की गई, जिसमें पढ़ने के लिए दूर दराज से अनेक बच्चे आते थे। श्री देशमुख ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी 2005 से 2008 तक इस विद्यालय में 9 वीं से 12 वी तक की पढ़ाई की। उस समय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की संख्या पर्याप्त थी, जिससे शाला संचालन में कोई ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### अर्जुंदा में सामूहिक करुभात भोज आज



**अर्जुंदा।** गुण्डरदेही विधानसभा के नगर अर्जुंदा में विधायक कुंवर सिंह निषाद की ओर से क्षेत्र की सभी बहनों बेटियों व माताओं के लिए अर्जुंदा स्थित शासकीय भारतीय विद्यालय के प्रांगण में करूभात कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी के लिए शाम 6 से रात्रि 10 बजे तक करू भात की व्यवस्था की गई है। साथ ही दूसरे दिवस उपवास के दिन विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल फुगड़ी, गोली चम्मच, मटका फोड़, मटका दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, सुई धागा, मेहंदी प्रतियोगिता, रस्सा खींच सामूहिक, कुर्सी दौड़, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इन सभी खेलों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार रखा गया है। इसके साथ ही सभी माता बहनों के मनोरंजन के लिए शुक्रवार रात्रि 8 बजे भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सभी माताओं, बहनों व बेटियों को विधायक कुंवर सिंह निषाद ने शामिल होने की अपील की है।

### जामगांव आर में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत आज

**जामगांव आर।** राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दक्षिण मंडल पाटन में भाजपा के सदस्यता अभियान का उद्घाटन समारोह 5 सितंबर को 12 बजे जैन भवन जामगांव आर में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन होंगे। समारोह में सांसद विजय बघेल, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, प्रभारी दक्षिण मंडल पाटन रोहित साहू, अध्यक्ष दक्षिण मंडल लालेश्वर साहू, तेजेंद्र पिपरिया एव राजेश बंछोर द्वय भाजपा महामंत्री उपस्थित रहेंगे। इस समारोह में दक्षिण मंडल संगठन अंतर्गत भाजपा, मोर्चों और प्रकोष्ठों के समस्त प्रदेश, जिला और मण्डल के कार्यकर्ता, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधि और सहकारिता एवं शाला के प्रतिनिधि, शक्तिकेन्द्र एवं बूथ के टोलीगण को मंडल में सदस्यता अभियान के उद्घाटन समारोह में अपनी देने का आग्रह किया गया है। मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी हर्षा चंद्राकर, संयोजक संजय चंद्राकर, सदस्य रवि सिन्हा, सदस्यअंगेश्वर साहू, सदस्य शैलेंद्र मांडवी, मंडल सदस्यता अभियान टोली भाजपा दक्षिण मण्डल पाटन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### जामगांव आर में लोकार्पण व बेलहारी में भूमिपूजन आज

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत जामगांव आर में 5 सितंबर को साढ़े 3 बजे सांसद विजय बघेल ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित व्यवसायिक परिसर एवं सेन समाज अहाता निर्माण का लोकार्पण करेंगे। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा करेंगे। अतिविशेष अतिथि दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर, मंडल महामंत्री द्वय तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बालोद में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए सांसद नाग

# आम जनता को राहत पहुंचाने और सुविधा देने के लिए समस्याओं का निराकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनसमस्या निवारण शिविर आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कारगर माध्यम है। इसके लिए आम जनता को समस्या मुक्त रखने के लिए उनकी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

इसी सोच एवं मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों में भी प्रशासन के आला अधिकारियों के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनकी माँगों एवं समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ▶▶| शेष पेज 10 पर



### शिविर में शामिल होकर उठाएं लाभ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उसके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण का अत्यंत कारगर माध्यम है।चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के माध्यम से प्रशासन को आम जनता के बीच पहुँचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आम नागरिकों से जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने का अपील भी की।



### हितग्राहियों को किया गया सामग्री का वितरण

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत चयनित 03 हितग्राहियों को मत्स्याखेट करने के लिए मछली पालन विभाग के योजना के अंतर्गत मछली जाल का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, जिला अध्यक्ष पवन साहू, केसी पवार, पार्षद कमलेश सोनी, शाहिद खान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 24 आवेदनों में से 7 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में अतिथियों ने गर्भवती माताओं ▶▶| शेष पेज 10 पर

# शराब पीकर कार चलाना पड़ गया महंगा, 10 हजार का कटा चालान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले की कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

कोतवाली पुलिस ने कुछ दिनों पहले ही लापरवाही पूर्वक बाइक चलाने वाले एक बाइक चालक पर 6400 रुपए की चालानी कार्रवाई की थी। उसके बाद यातायात पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा हो गया था, क्योंकि यातायात नियमों का पालन कराना यातायात पुलिस के हाथों है। अब यातायात पुलिस ने शराब पीकर कार चला रहे एक चालक पर 10 हजार रुपए की चलानी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार संबलपुर के पास एक कार देवरी से लोहारा की ओर आ रही थी। वहीं, कार चालक शराब के नशे में कार चला रहा था, उसे पुलिस ने पकड़ लिया। उसके बाद उसे न्यायालय में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां उस पर 10 हजार रुपए की जुर्माना की कार्रवाई की गई।

आपको बता दें कि जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले कई भारी भरकम मालवाहकों के चालक शराब पीकर वाहन चलाते हैं। इसके साथ ही ओवरलोड गाड़ी भी चलती है तो वहीं कई कार चालक भी लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते नजर आते हैं, जिन पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।




### राज्य स्तरीय शालेय स्पर्धा में शामिल होंगे कलंगपुर स्कूल के 5 विद्यार्थी

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर से पांच छात्र-छात्राओं का चयन 24वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 8 सितंबर से 11 सितंबर तक जगदलपुर में आयोजित होगी। चयनित छात्र-छात्राओं में पवन कुमार सेन, पोषण लाल ठाकुर, सोहन प्रसाद, साक्षी, टिकेश्वरी शामिल हैं। इस सफलता में व्यायाम शिक्षक टीआर साहू का विशेष का मार्गदर्शन रहा है। विगत कई वर्षों से इस विद्यालय से छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं।

इस सफलता पर प्राचार्य टीएस कोल्हे, प्रभारी प्राचार्य डीएल. साहू, एचएल साहू, आरएन साहू, डीके साहू, वायके साहू, आरके साहू, टीआर साहू, केएल कुर्रे सहित सभी व्याख्याताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# रिसामा शाला में पालकों ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज. अंडा

- शिक्षकों के समय पर नहीं पहुंचने का लगाया आरोप

शासकीय प्राथमिक शाला रिसामा में मंगलवार सुबह पालकों ने ताला जड़ दिया। छात्रों की एकमात्र मांग है कि उन्हें पढ़ाने के लिए स्कूल में शिक्षक नियुक्त किए जाएं। इस स्कूल में कक्षा पहली से पाँचवी तक दर्ज संख्या 64 है और तीन शिक्षक हैं। लेकिन, यहां के विद्यार्थियों और पालकों का आरोप है कि यहां शिक्षक समय पर नहीं आते। पालकों के अनुसार ग्राम रिसामा की प्राथमिक शाला का विगत 15 दिनों से विधायक प्रतिनिधि और ग्रामीण निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान प्राथमिक शाला के शिक्षक समय पर नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि काफी लम्बे समय से स्कूल में प्रार्थना भी नहीं हो रही है। पालकों ने बताया कि कक्षा 5वी के बच्चों को नाम भी लिखने नहीं आता। इस सिलसिले में शिक्षकों से बात करने पर भी कोई परिणाम रहीं निकलता। स्कूल की इस स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने स्कूल में ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही इस संबंध में कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक ललित चंद्राकर को ज्ञापन सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो महामंत्री डिलेश गब्बर साहू, विधायक प्रतिनिधि रामदास ▶▶| शेष पेज 10 पर



### नहीं पहुंचे जिम्मेदार

समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान भी जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई। पालकों ने बताया कि स्कूल में ताला लगाने के करीबन दो घंटे बाद भी न तो शिक्षा विभाग का कोई अधिकारी पहुंचा, और न ही प्रशासन की ओर से कोई जांचकर्ता या अधिकारी भेजा गया।

# डौकीडीही व मतवारी के किसानों ने धान की सिंचाई के लिए मांगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक स्थित ग्राम डौकीडीही और मतवारी के किसान पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से तांदुला नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार तांदुला नहर के माध्यम से ग्राम डौकीडीही और मतवारी के किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है, लेकिन ओटेबंद माइनर से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करा पाना मुश्किल साबित हो रहा है, क्योंकि नहर में गंदगी फैली हुई है, जिसके कारण खेतों तक पानी का पहुँच पाना मुश्किल है। किसानों ने बताया कि ओटेबंद में होने वाले 11 दिवसीय यज्ञ और मेला के दरमियान फैली गंदगी को नहर में डाल दी जाती है, जिसके कारण नहर गंदगी से पट गया है जिसके कारण किसान परेशान हैं। राजेंद्र साहू, टेकराम साहू सहित अनेक किसानों ने बताया कि नहर की सफाई के लिए विष्णु यज्ञ समिति के लोगों को अवगत कराने के बावजूद उनके द्वारा नहर की साफ सफाई नहीं कराई जाती है, इसलिए किसानों के द्वारा खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए जेसीबी के माध्यम से साफ सफाई की जाती है। वहीं किसानों ने बताया किखेतों में पानी की बहुत ज्यादा कमी है यदि समय पर पानी नहीं मिलेगा तों धान के फसल बर्बाद हो जायेंगे, इसलिए प्रशासन से तांदुला नहर से पानी की मांग ज्ञापन सौंप कर किया गया है।

## गणेशोत्सव से पहले पुलिस प्रशासन ने ली समिति प्रमुखों की बैठक

# थाने में देना होगा समिति के चार प्रमुख लोगों के नाम व नंबर, पंडाल में सीसीटीवी कैमरा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बैठक में समितियों के सदस्यों के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

भगवान गणेश की स्थापना के पहले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में शहर के सार्वजनिक स्थलों में पंडाल सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करने वाली गणेश समितियों के सदस्यों, डिप्टी कलेक्टर, नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, यातायात, राजस्व विभाग के अधिकारी सहित शहर के पार्षद भी मौजूद रहे।

बैठक में गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की स्थापना से लेकर 11 दिनों तक शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा हुई। कोतवाली पुलिस ने गणेश समिति के सदस्यों को स्पष्ट रूप से कहा कि समिति में वालिंटियर बनाएं, पंडाल वाले जगह में सीसीटीवी कैमरे लगाएं, इसके साथ ही समिति के कम से कम चार प्रमुख लोगों का नाम व मोबाइल नंबर थाना में जमा करना अनिवार्य होगा।





### रात 10 के बाद डीजे बजाई तो होगी कड़ी कार्रवाई

बैठक में प्रशासन ने कहा कि भगवान गणेश की प्रतिमाएं अगर डीजे साउंड के साथ स्थापना कर रहे हैं, तो रात्रि 10 बजे तक अनिवार्य रूप से बंद कर लें, क्योंकि रात्रि 10 बजे के बाद कोई भी डीजे या लाउडस्पीकर नहीं बजेगा और ऐसे नियम पर उल्लंघन करने वालो पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही विसर्जन को लेकर भी प्रशासन ने कहा कि झांकी व भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन करने से पहले और बैठक ली जाएगी।

### कलंगपुर में सामूहिक करुभात भोज आज

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में तिजहारिन बहनों के लिए 5 सितंबर को रात्रि में सामूहिक करु भात भोज का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन स्थानीय बस स्टैंड स्थित बाजार स्थल पर किया गया है। साथ ही रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक संस्था मयारू दावना ग्राम खपरी(बरबसपुर) की प्रस्तुति रखी गई है। इसी तरह ग्राम जोरातराई में भी समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में आज गुरुवार को सामूहिक करुभात भोज का आयोजन गांव के बाजार स्थल चौक पर किया गया है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

खबर संक्षेप

## मराठी कला-संस्कृति अकादमी गठित करने सीएम साय से चर्चा

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले के नेतृत्व में प्रदेशभर के महाराष्ट्र मंडलों और विभिन्न मराठी समाजों के प्रतिनिधियों ने सोमवार रात को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपकर उनसे सारगर्भित चर्चा की। सीएम श्री साय ने महाराष्ट्र मंडल की प्रमुख मांग छत्तीसगढ़ सर्व संगठन मंडल के गठन को लेकर उत्सुकता दिखाई। इस पर उन्होंने कहा कि वे संबंधित अफसरों से चर्चा करेंगे। सीएम से मिलने वाले प्रतिनिधियों में हेमंत माहुलिकर, गजानन फड़के, चेतन गोविंद दंडवते, गीता श्याम दलाल, विशाखा तोपखानेवाले, शेखर राव साहेब अमीन, सुबोध टोले, गुणवंत राव घाटगे, दिलीप गेडेकर, अश्वनी कदम, सुधीर जोशी, सुधीर शेंडे, विवेक ढोक और गनु ढोक शामिल थे।

## आनंद अध्यक्ष, विवेक बने अपेक्स बैंक के महासचिव

**रायपुर।** अपेक्स बैंक पंडरी रायपुर में यूनियन के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को किया गया। इस चुनाव में प्रदेशभर के सदस्य शामिल हुए। इस चुनाव में शामिल सभी लोगों ने सर्वसम्मति से अपेक्स बैंक यूनियन के अध्यक्ष आनंद कुमार लहरे, उपाध्यक्ष गुंजार सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष नीलिमा जोशी, महासचिव विवेक सिंह ठाकुर को चुना गया।

निधन

## सरोज दास



**बालोद।** नगर के शिकारी पारा बालोद निवासी सरोज दास 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. अमृतदास दास की धर्मपत्नी व गिरधर, मदन, हरेश हेमंत, मनोज की माता थीं।

# 30 सितंबर से पहले सभी निर्माणाधीन आवासों का कार्य पूर्ण करें : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिपं सीईओ ने गुंडरदेही विकासखंड के अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे आवास निर्माण तथा स्कूल का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचान्दुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हितग्राही शांति बाई, सुख बाई, तथा ग्राम पचांयत साजा एवं नाहंदा के अन्य हितग्राहियों के आवासों में औचक निरीक्षण किया।

## विकासखंड के अनेक गांवों में पीएमआवास योजना के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

### बच्चों से कहा, समझकर पढ़ें, दिए टिप्स

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौने ने ग्राम पंचायत कचान्दुर के स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से राजनीति शास्त्र तथा गणित विषयों के प्रश्न पूछे। साथ ही बच्चों को समझ कर पढ़ने के टिप्स भी दिए। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को सभी बच्चों पर ध्यान देकर व टेस्ट लेकर अच्छे से पढ़ाने को कहा।



### ग्राम पंचायत की पंजियों का रखें उचित संधारण

साथ ही डॉ कन्नौजे ने मनरेगा योजनान्तर्गत राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं खेल मैदान का औचक निरीक्षण तथा अमृत सरोवर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया। जिला पंचायत के सीईओ डॉ संजय कन्नौजे ने ग्राम पंचायत भवन का औचक निरीक्षण करते हुए ग्राम पंचायत के पंजियों के संधारण के लिए सचिव, रोजगार सहायक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे अपूर्ण, निर्माणाधीन कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवास निर्माण में उपयोग होने वाले मटेरियल, राजमिस्त्री, बैंक आदि समस्याओं के निपटान के लिए 30 सितंबर के पूर्व समस्त निर्माणाधीन आवासों को शत–प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीईओ ने योजनान्तर्गत जनपद पंचायत के अमलों को आगामी वृहद लक्ष्य के अनुरूप निर्धारित समयावधि में पंजीयन एवं जियो टैगिंग का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बिहान योजना अंतर्गत कलस्टर लेवल फेडरेशन भवन का अवलोकन कर कलस्टर के माध्यम से आयमूलक बड़ी गतिविधियों के संचालन के लिए निर्देशित करते हुए लखपति दीदियों की आजीविका गतिविधियों के संबंध में चर्चा की।

विसंगति : बिना लिपिक के चल रहा हायर सेकंडरी स्कूल रानीतराई (किसना)

# रानीतराई स्कूल में दो लिपिक पदस्थ, दोनों ही अटैचमेंट में अफसरों की सेवा बजा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

- शिक्षकों को बाहर जाकर करवाना पड़ रहा है काम

बालोद जिले के शिक्षा विभाग में अटैचमेंट का खेल खत्म नहीं हो रहा है। कहीं पर कर्मचारी अपनी मर्जी से सोर्स लगाकर अटैचमेंट करवा ले रहे हैं, तो कहीं पर अधिकारी अपने दफ्तर में काम लेने कर्मचारियों को जबरन अटैचमेंट करवा ले रहा है। अटैचमेंट में कर्मचारियों का वेतन मूल स्कूल से निकलता है। मूल स्कूल में वह पद भरा हुआ दिखाई देता है, इसकी वजह से वहां किसी दूसरे की पोस्टिंग भी नहीं हो पा रही है। रानीतराई (किसना) स्कूल में यही हाल है जहां दो-दो लिपिक अटैचमेंट में दूसरी जगह काम कर रहे हैं और यहां शिक्षकों को दूसरी जगह जाकर कंप्यूटर सेंटर में काम करवाना पड़ रहा है।

जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई (किसना) में सहायक ग्रेड 2 के 1 पद व सहायक ग्रेड 3 के 2 पद कुल लिपिक के 3 पद स्वीकृति हैं। लेकिन यह सब शासन की डायरी में और स्कूल की पंजी व शिक्षक दर्पण की शोभा बढ़ा रहा है। रिकॉर्ड में स्वीकृत लिपिक के तीन पद में से दो लिपिक यहां पदस्थ हैं और एक पद रिक्त है। जबकि हकीकत यह है कि इस विद्यालय में एक भी लिपिक नहीं है।



पदस्थ दोनों लिपिकों को दो अलग-अलग शिक्षा अधिकारियों ने अपने अपने दफ्तर में अटैच करवा लिया है। बिना लिपिक के इस विद्यालय का संचालन हो रहा है। यहां शासकीय हाई स्कूल की स्थापना 23-7-2008 को हुई। इसके बाद इस विद्यालय को 26-6-2012 को हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रोन्नत किया गया। इसके साथ ही यहां लिपिक के तीन पद स्वीकृत कर दिए गए। स्कूल में बनाए गए शाला दर्पण के अनुसार सहायक ग्रेड 2 लिपिक में पदस्थ यशवंत कुमार प्रजापति 17-8-2016 को स्कूल में ज्वाइन किया था, उसके बाद से इन्हे आज तक बीआरसी डौंडी में अटैच कर दिया गया है। इसी तरह सहायक ग्रेड 3 में पदस्थ रूपेश कुमार देवांगन लगभग तीन साल से डौंडीलोहारा एसडीएम कार्यालय मे लिपिक का कार्य कर रहा है। दोनों के नाम स्कूल के शाला दर्पण में लिखा हुआ है।

### शिक्षक करते हैं लिपिक का काम

रानीतराई स्कूल में लिपिक नहीं होने के कारण लिखा पढ़ी का काम यहां के शिक्षक करते हैं। कंप्यूटर में जानकारी देनी हो तो रिकॉर्ड बनाने बाहर कंप्यूटर सेंटर जाते हैं। बताया जाता है कि इस परेशानी से उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। यहां पर एक लिपिक का पद अभी भी रिक्त है उसे पर भी यदि भर कर दिया जाए, तो भी काम चलाया जा सकता है।

### वापस लाने करेंगे प्रयास

स्कूल की मीटिंग में इसकी जानकारी हुई। दोनों अटैचमेंट लिपिकों को स्कूल में वापस लाने प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों से तत्काल मिलेंगे।

- ओमन सिंह देवांगन अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति रानीतराई स्कूल

## सियादेवी मंदिर परिसर में युवाओं ने किया पौधारोपण



**बालोद।** सियादेवी मंदिर परिसर में युवाओं ने पौधारोपण किया। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मां सियादेवी मंदिर में युवाओं ने पौधारोपण कर सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक राहुल साहू ने पौधारोपण कर लोगों से पौधे लगाने और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस कार्य में पिता भोमराज साहू, गजाधर मंडावी, रामाधीन पोर्ते का भी सहयोग रहा।

## जनमुक्ति मोर्चा की महिलाओं ने किया पौधारोपण



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के जन मुक्ति मोर्चा इकाई की महिलाओं ने हरियाली का संदेश देते हुए रेंगाडबरी के गौठान में पौधारोपण किया। नेमन साहू ने बताया कि पौधे लगाने से सुंदरता बढ़ेगी तथा पर्यावरण स्वच्छ रहेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिता बाई चुरेंद्र, बिसन्तीन बाई मानिकपुरी, दुरपत बाई, तीरथ बाई, मनकी बाई, देवबती पड़ौती, अश्वनी बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## शाला प्रबंधन समिति सदस्य चंद्रकला ने कराया न्योता भोज

**बालोद।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला जगतरा में पंचायत प्रतिनिधि व प्रबंधन समिति के सदस्य चन्द्रकला सोनबोइर ने अपनी बेटी डॉली सोनबोइर के जन्म दिन पर स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। साथ ही पालक ने सभी बच्चों को पहाड़ा व कम्पास बॉक्स का वितरण किया। इस दौरान शाला के प्रधान पाठक खेमलता ठाकुर, शिक्षक अनुपमा चौबे, अन्नपूर्णा मंडावी, पदमनी साहू, रोशनी यादव, रानू कौशिक उपस्थित थे।

## शिक्षक लोकेश्वर ने बच्चे के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक लोकेश्वर सिंह निषाद ने अपने पुत्र निशांत निषाद के जन्मोत्सव पर छात्रों को नेवता भोज कराया। इस अवसर पर बच्चों को खीर और केले का वितरण किया गया। संस्था प्रमुख कमल कुमार आलेंद्र, मनोज कुमार देवांगन, सातों धनकर, वंदना साहू, लक्ष्मी चंद सोनवानी तथा लिखमी चंद सार्वा ने बच्चे के दीर्घायु जीवन की कामना की।

## कर्मचारियों ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# संयुक्त जिला कार्यालय में कर्मचारियों की सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध करे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कर्मचारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय बालोद परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक बालोद को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि संयुक्त जिला कार्यालय एक उच्च कार्यालय है जहां विभिन्न कार्य को लेकर प्रतिदिन 300–400 लोग आते हैं। प्रायः देखा जाता है कि लोग अनावश्यक कार्यालय के भीतर प्रवेश कर अशोभनीय कृत्य करते हैं। कभी कभी लोग शराब पीकर भी कार्यालय परिसर में भ्रमण करते रहते हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति द्वारा दुर्भावनावश जिला कार्यालय के एक महिला कर्मचारी के कार्यस्थल पर वीडियो बनाकर वायरल किया गया था, जिसका कर्मचारियों की ओर से विरोध किया गया था, अभी भी शासकीय कार्य के दौरान शाखा प्रभारियों के साथ बाहरी लोगों द्वारा आए दिन अनावश्यक बहस एवं अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिला कार्यालय के लिपिक कार्यालय द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन कर रहे हैं। कुछ कार्य ऐसे होते हैं जिसका तत्काल निराकरण नहीं हो पाता है। इसके लिए कर्मचारी व्यक्तिगत दोषी नहीं होता है, किन्तु ग्राम सोहपुर के आवेदक दो युवकों द्वारा जिला कार्यालय से काम नहीं हो पाने को लेकर प्रभारी लिपिक की लगातार नामजद शिकायत कर उनके व्यक्तिगत छवि को खराब किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका जिला कार्यालय कर्मचारी विरोध करता है, ऐसे शिकायतकर्ताओं पर वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

सयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला कार्यालय के कर्मचारियों ने कहा कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सुरक्षा जवानों की ड्यूटी नही लगाई गई है, केवल अधिकारियों को व्यक्तिगत नगर सैनिक उपलब्ध कराया गया है, जो ज्यादातर समय अधिकारियों के साथ दौरे पर बाहर रहते हैं, इसलिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के अंदर पर्याप्त महिला, पुरूष सुरक्षाकर्मियों की तैनाती तत्काल की जाए। कर्मचारियों ने मांग की है कि जिला दण्डाधिकारी कार्यालय परिसर में लागू धाराओं एवं प्रतिबंधों को सूचना बोर्ड के माध्यम से संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार एवं कार्यालय के भीतर प्रदर्शित किया जाए।

### एक माह के भीतर लगाएं सीसीटीवी कैमरा

जिला कार्यालय के प्रत्येक शाखा में शासकीय कर्मचारियों के हित में एक सप्ताह के भीतर लागू धाराओं जैसे शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचाना, शासकीय कार्य के दौरान कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने पर सजा के प्रावधान की सूचना चस्पा कराई जाए। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के बाहर एवं भीतर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा आगामी एक माह के भीतर लगाया जाए।

### मांगें पूर्ण नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी

कर्मचारियों ने कहा कि जिले के सर्वोच्च कार्यालय में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में कर्मचारीगण भयपूर्ण वातावरण में कार्य करने को विवश हैं। इसलिए कर्मचारियों की उपरोक्त मांगों को तत्काल पूर्ण करते हुए कार्यालय परिसर में कर्मचारियों को कार्य करने के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि उपरोक्त मांगें पूर्ण नहीं होने पर जिला कार्यालय के कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करने को विवश होंगे।

## पेज 9 के शेष

### बिना पारिश्रमिक 9 साल ...

सरपंच पद की जिम्मेदारी सौंपी। उसके बाद भी उन्होंने विद्यालय में अध्यापन का कार्य नहीं छोड़ा और प्रतिदिन विद्यालय समय पर उपस्थित होकर 11वीं व 12वीं की कक्षाएं लेकर पंचायत कार्य के लिए चले जाते हैं।

**स्कूल के शासकीयकरण का प्रयास :** श्री देशमुख ने बताया कि समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा प्रसारक समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा कई वर्षों से स्कूल के शासकीयकरण एवं रिक्त पदों पर भर्ती की मांग की जा रही है। इस पर पहल करते हुए विधायक कुँवर सिंह निषाद ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बालोद प्रवास के दौरान स्कूल के शासकीयकरण की मांग की थी, जिस पर श्री बघेल इसकी घोषणा भी कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन को भी भेज दी गई थी, लेकिन इस बीच चुनाव आचार संहिता लगने एवं नई सरकार के बैठने के बाद ये प्रक्रिया थोड़ी रुक सी गई थी। लेकिन, शिक्षा प्रसारक समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवेदन सौंपा है, जो लोक शिक्षण संचनालय रायपुर भेजा जा चुका है । उम्मीद है कि इस सम्बन्ध में विभाग जल्द निर्णय लेगा।

**पांच विषयों में एमए, बीएड :** श्री देशमुख ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य शिक्षक बनना या अन्य सरकारी जॉब पाना था। इसके लिए उन्होंने पांच विषयों में एमए., बी.एड, बी.लिब, पीजीडीसीए एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई की है। वे समय-समय पर व्यापमं एवं अन्य अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल भी हुए, लेकिन अभी सफलता नहीं मिल पाई है।

### 1964 में शुरू ...

परेशानी नहीं आती थी। लेकिन अब एक ओर जहां विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर हो गई है, वहीं दूसरी ओर बच्चों की संख्या भी कम हो गई है, जिसके कारण विद्यालय के संचालन में बहुत परेशानी आ रही है। उन्होंने बताया कि सभी पुराने शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिससे शिक्षकों कमी है। साथ ही शिक्षा प्रसारक समीति के पास पर्याप्त साधन न होने के कारण स्कूल संचालन में दिक्कत हो रही है। श्री देशमुख ने कहा कि इन सारी समस्याओं को देखते हुए उन्होंने निर्णय लिया कि वे सरपंच रहते हुए भी एक शिक्षक के रूप में अध्यापन का कार्य करते रहेंगे। इसके लिए उन्होंने इस कार्य का कोई पैसा नहीं लेने का निर्णय लिया, तब से लेकर आज तक वे विद्यालय में निःशुल्क सेवा प्रदान कर रहे हैं। सरपंच एवं शिक्षक योगेश देशमुख ने बताया कि शासन से स्कूल को शत प्रतिशत शासकीय अनुदान प्राप्त है। लेकिन, लम्बे समय से अनुदान प्राप्त स्कूलों में भर्ती नहीं हुई है, जिसके कारण शिक्षकों की कमी हो गई है। वर्तमान में शिक्षकों के 9 पद रिक्त हैं। वहीं, शाला भवन अति जर्जर स्थिति में है। 9 कमरों में से केवल 4 में ही कक्षाएँ संचालित हो रही हैं, इनकी भी मरम्मत करना आवश्यक हो गया है। लेकिन, राशि के अभाव में मरम्मत नहीं हो पा रही है।

### सरपंच के रूप में भी निभा ...

कि पिछली सरकार में गौठान योजना के तहत अच्छा काम हुआ। बिरेतरा गौठान को पूरे गुण्डरदेही ब्लॉक में आदर्श गौठान के रूप में प्रसिद्धि मिली और जिला प्रशासन से उत्कृष्ट गौठान का अवार्ड भी मिला। साथ ही मनरेगा मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा कार्य दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि मेरे सभी कार्यों में पंचायत के उपसरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक, ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला।

### पालकों ने स्कूल में ...

साहू, मन्नु लाल साहू, लेखुदास साहू, जिला किसान महामंत्री अजित चन्द्राकर, भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण यदु, उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, पालक एवं ग्रामीण डोमन लाल, नवनीत, संजय, ललित पांडेय, हेमु दास, जोधन लाल साहू, रेख लाल पटेल, मना साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### आम जनता को समस्या....

किया जा रहा है। उक्त बातें कांकेर लोकसभा सांसद भोजराग नाग ने कही। सांसद नाग जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बोल रहे थे। नाग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांसद श्री नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा समूचे देश के साथ–साथ हमारे छत्तीसगढ़ राज्य को भी विकसित एवं खुशहाल राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भारत को विश्व गुरु बनाने का भी संकल्प लिया गया है। नाग ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान कर एक सशक्त भारत के नवनिर्माण के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने आम जनता को जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाने की अपील भी की।

### हितग्राहियों को किया गया ...

को सुपोषण किट भेंटकर उनका गोद भराई रस्म को पूरा किया गया। इसके साथ ही नन्हें–मुन्हें बच्चों को भी पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन की किट भेंट किया गया। इस अवसर पर सांसद नाग एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित अतिथियों ने शिविर में स्थल में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया गया।

### जामगांव आर में लोकार्पण ...

होंगे। समारोह कला मंच बाजार चौक जामगांव आर में होगा। इसके साथ ही 5 सितंबर को 3 बजे बेलहारी में सांसद विजय बघेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतिरिक्त कमरे एवं गड़रिया समाज सामुदायिक भवन को लोकार्पण करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला मिडिल स्कूल अहाता गेट निर्माण एवं सेजस किचन शेड निर्माण तथा ग्राम में एक पक्की नाली निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। अध्यक्षता दक्षिण पाटन मंडल भाजपा अध्यक्ष लालेश्वर साहू करेंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष नारद साहू, प्राचार्य वाईके साहू, बूथ अध्यक्ष रामसिंग बसोर होंगे। समारोह अटल चौक बेलहारी समीप आयोजित किया गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के इलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, विकासखण्ड-डौण्डी लोहारा, जिला बालोद (छ.ग.)

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

जलकर दीपक की तरह, कई जीवन रोशन कर जाता है, कुछ इस तरह से हर शिक्षक अपना फर्ज निभाता है...



दिलीप साहू जिलाध्यक्ष | अविनाश कुमार साहू ब्लॉक अध्यक्ष | बिरबल देशमुख संयोजक | रविन्द्र नाथ योगी ब्लॉक सलाहकार एवं जिला महासचिव | कमल कुमार आलेन्द्र ब्लॉक सलाहकार एवं जिला महामंत्री | संतोष देवांगन ब्लॉक संयोजक | बसंती पिकेश्वर ब्लॉक संयोजक | बृजमोहन दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष | मनीष देशमुख उपाध्यक्ष | विजय पटेल सचिव | नरेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष | ओमप्रकाश पाथरे महासचिव | खेमन लाल साहू महासचिव | भूषण लाल मंडावी महामंत्री | परमानंद साहू महामंत्री | रुपेश देशमुख सह सचिव | नागेन्द्र सिन्हा संगठन मंत्री | चंद्रबली जोशी संगठन मंत्री | यज्ञ देवांगन संयुक्त सचिव | महेन्द्र देशमुख संयुक्त सचिव

## खबर संक्षेप

### प्रभावित नहीं होगा एफडीसी दवाओं के पचास करोड़ का कारोबार

रायपुर। फिक्स डीज काम्बिनेशन यान की मर्ज की एक दवा का चलन प्रभावित नहीं होगा। केंद्र सरकार द्वारा लगाए प्रतिबंध पर मामले की सुनवाई तक हिमाचल के कोर्ट द्वारा रोक लगा दी गई है। राज्य में इस तरह की दवाओं का करीब पचास करोड़ का प्रतिमाह कारोबार होता है। जानकारी के अनुसार अगस्त के अंतिम सप्ताह में केंद्र सरकार द्वारा 156 तरह की ऐसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया था, जिसकी एक गोली में सर्दी, खांसी, बुखार का इलाज हो जाता है। तर्क दिया गया था कि इसके अनावश्यक उपयोग की वजह से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आदेश के दायरे में कई नामी कंपनियां आ रही थीं। इसी दौरान जारी आदेश को कुछ दवा कंपनियों द्वारा हिमाचल की अदालत में चुनौती दी गई थी।

### आयुर्वेद स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति बढ़ी

रायपुर। शिष्यवृत्ति बढ़ाने आयुर्वेद स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की मांग पूरी हो गई है। चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा मंगलवार को उनकी शिष्यवृत्ति बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्रों को 53550 के बदले 67500 रुपए, द्वितीय वर्ष को 56700 के बदले 71450 तथा तृतीय वर्ष के छात्रों को 59222 से बढ़कर 74600 रुपए शिष्यवृत्ति दी जाएगी। इसके अलावा इंटर्नशिप करने वालों को 12800 के बजाय 15900 रुपए मिलेंगे। राज्य में आयुर्वेद के 10 स्नातकोत्तर विषयों में 190 तथा इंटर्नशिप के 70 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। आदेश जारी होने से छात्रों में खुशी का माहौल है।

### बस्तर क्षेत्र की जनता के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करे सरकार

रायपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने कहा, जगदलपुर एवं बीजापुर जिले में लगातार बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति है। पुल पुलिया नहीं होने के कारण लोंगो के बीमार होने की स्थिति में प्रति वर्ष खाट पर लिटाकर ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर उफनती नाले को पार कराया, ऐसा जोखिम लोग लम्बे समय से उठा रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में एयर एंबुलेंस की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। यह बस्तर में डयूटी कर रहे जवानों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, भाजपा का कुशासन है, इसलिये लोग बीमार महिला को खाट में जान की प्रवाह न करते हुए उफनते नाला पार करा रहे हैं। बस्तर का कोयला एवं लोहा हसदेव जंगल काट कर भी जनता के हित में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कुछ भी नहीं कर पा रहे। भाजपा लगातार सत्ता में रही, लेकिन लोंगो के लिए आज तक सडक, पुल-पुलिया, अस्पताल, स्कूल, युवाओं को रोजगार देने में असफल रही। भाजपा आदिवासियों का शोषण करने वाली पार्टी है।

### संस्कृत भाषा को अनिवार्य विषय करने सीएम से परिचर्चा

रायपुर। पूरे प्रदेश मे संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संस्कृत ग्रंथों के संरक्षण व संस्कृत संभाषण के लिए कार्य कर रही संगठन संस्कृत भारती के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर संस्कृत भाषा कक्षा तीसरी से 12वीं तक अनिवार्य विषय के रूप मे स्कूलों मे लागू किए जाने का मांग की है। संगठन प्रतिनिधि में प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर, प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, डॉ. दिव्या देशपांडे, हेमंत साहू, राजेश राजपूत ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री का भारतीय सनातन परंपरा अनुसार उनका तिलक व शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। फिर संस्कृत शिक्षा के संबंध मे विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ.

## छग कॉलेज के बाद अब साइंस कॉलेज भी भिड़े छात्रसंगठन

# एनएसयूआई-एबीवीपी में जूतम पैजार, अखाड़ा बना साइंस कॉलेज, आधी रात थाने में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मंगलवार को उस वक्त अखाड़ा बन गया जब एनएसयूआई और एबीवीपी के छात्र आपस में भिड़ गए। उनके बीच इतनी अधिक मारपीट हुई कि कई छात्रों के कपड़े फट गए। कई को हल्की चोटें भी आईं। दरअसल एबीवीपी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में साइंस कॉलेज में सदस्यता ले चुके छात्रों को पर्ची बांटी जा रही थी। एबीवीपी का आरोप है कि एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पर्ची फाड़ दी। वहीं एनएसयूआई का आरोप है कि एबीवीपी छात्रों को जबरन सदस्यता लेने के लिए मजबूर कर रही है। साइंस कॉलेज में शुरु हुई कहासुनी के बाद दोनों ही छात्रसंगठनों के कार्यकर्ता बाहर से भी कैंपस पहुंच गए। इसके बाद आधे घंटे तक मारपीट होती रही। इसके पश्चात रात्रि में एनएसयूआई कार्यकर्ता सरस्वती नगर थाने पहुंच गए, जहां वे एबीवीपी पर एफआईआर की मांग करते रहे। खबर लिखे जाने तक छात्र सरस्वती नगर थाने में इकट्ठा रहे।

- एबीवीपी चला रही है सदस्यता अभियान, इसी दौरान हुए दोनों घटनाक्रम



### कोई एक्शन नहीं

*किसी भी पक्ष या छात्रों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साइंस कॉलेज के समीप बीजेपी का कार्यक्रम भी आयोजित था। यहां तैनात पुलिस छात्रों का झगड़ा रुकवाने आई। हालांकि इसके पहले दोनों पक्षों की ओर से पर्याप्त लात-घूंसे चल चुके थे। दोनों पक्षों को समझाइश देकर छोड़ा गया। ना तो पुलिस और ना ही कॉलेज प्रबंधन ने किसी तरह की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि बीते माह छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में भी सदस्यता अभियान को ही लेकर दोनों छात्र संगठन आपस में भिड़ गए थे। उस वक्त भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।*



### सदस्यता के लिए जबरन दबाव

एबीवीपी ने एक बार फिर से अपने अनुचित कार्यों से हमारे छात्रों के बीच तनाव फैलाया है। सदस्यता अभियान को लेकर उनका जबरन दबाव बनाना और हिंसक तरीकों से प्रतिक्रिया देना पूरी तरह अस्वीकार्य है। बीजेपी सरकार के राज में एबीवीपी गुंडागर्दी कर रही है।

**शांतनु झा**, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

### छीनकर फाड़ी पर्ची

हम हर साल की तरह इस साल भी सदस्यता अभियान चला रहे थे। इस दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्रों से सदस्यता पर्ची छीनी और फाड़ दी। उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

**- अन्वित दीक्षित**, रायपुर संयोजक, एबीवीपी

## पहली सूची में अलॉट हुई 184 सीट, चार दिन में 118 पर एडमिशन, दो दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छुट्टी बीतने के बाद मंगलवार को एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश के लिए काउंसिलिंग स्थल पर सरगर्मी नजर आई। बीते चार दिन में रायपुर के सरकारी मेडिकल कालेज की 118 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है, जबकि पहली सूची में 184 लोगों को सीटें अलॉट हुई थीं। पहले राउंड में दो दिन शेष है, जिसमें लगभग अस्सी फीसदी सीटों पर एडमिशन होने की संभावना है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेडिकल और डेंटल के सरकारी और निजी कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दोनों पाठ्यक्रमों में दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ प्रवेश का काम पूरा किया जा रहा है। लगातार दो दिन अवकाश के बाद मंगलवार को एडमिशन के लिए विद्यार्थी और उनके परिजनों की काउसलिंग स्थल पर भीड़ रही। परिजन दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ अन्य औपचारिकता पूरी करते रहे। मेडिकल की पढ़ाई के लिए सबसे पसंदीदा रायपुर के शासकीय जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार की स्थिति में 118 सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। पहली आवंटन सूची में स्टेट कोटे की 189 सीट में से 184 सीटों का आवंटन किया गया था। चार दिन में 64 फीसदी सीटें फुल हो चुकी हैं और 5 सितंबर तक 80 फीसदी सीटों पर एडमिशन पूरा होने की संभावना है। यहां जीएमसी के लिए तीन निजी मेडिकल कालेज में एडमिशन का काम पूरा किया जा रहा है। तीनों कालेजों में एक तिहाई सीटों पर एडमिशन हो चुका है और काफी संख्या में दस्तावेजों की स्क्रूटनी का काम भी पूरा किया जा चुका है।



### शासकीय डेंटल कालेज में 10 एडमिशन

*इस अवधि में एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज की 10 सीटों पर एडमिशन हो चुका है। यहां स्टेट कोटे की 82 सीटें हैं। इसके अलावा पांच निजी कालेजों में कुल सौ लोगों ने प्रवेश लिया है। बीडीएस में प्रवेश के लिए 175 लोगों ने स्क्रूटनी कराई है। राज्य में बीडीएस की कुल 600 सीट हैं, जिसमें शासकीय कालेज की 18 सीट सेंट्रल और ऑल इंडिया कोटे से संबंधित है। बीडीएस में भी प्रवेश का पहला राउंड 5 सितंबर तक चलेगा।*

## जुलाई की बिजली चार फीसदी महंगी

# खपत के हिसाब से अगस्त के बिल में ली जाएगी अंतर की राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को जून की बिजली तो सस्ती मिल गई थी, लेकिन अब जुलाई की बिजली चार फीसदी महंगी हो गई है। ऐसा होने से अब सितंबर में अगस्त का जो बिल आएगा, उसमें जुलाई की खपत के हिसाब से अंतर की राशि का भुगतान करना होगा। अब प्रदेश के साथ देशभर में हर माह बिजली की कीमत तय होती है। ऐसे में जून में ऊर्जा प्रभार पर जो 0.69 फीसदी का शुल्क था, वह जुलाई में 4.72 फीसदी हो गया है।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद अब जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन अब जुलाई में एक बार फिर से इसमें इजाफा हो गया है।

## पंजीयन कराने अब नहीं लगाना पड़ेगा फार्मेसी दफ्तर का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


पंजीयन अथवा रिनीवल के लिए अब फार्मासिस्टों को फार्मेसी दफ्तर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंजीयन सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन होगा, जिसका उद्घाटन बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। इस व्यवस्था के बाद पंजीयन के लिए एक बार ही दफ्तर आना होगा। जानकारी के अनुसार फार्मेसी काउंसिल के दफ्तर का कामकाज अब तक ऑफलाइन तरीके से किया जाता है। इसकी वजह से दूरदराज के फार्मासिस्टों को अपने पंजीयन के लिए वहां कई चक्कर लगाने पड़ते थे। इस परेशानी को देखते हुए सिस्टम को ऑनलाइन करने की योजना बनाई गई थी और फार्मेसी काउंसिल के चुनाव में भी इस मुद्दे के शामिल किया गया था। जानकारी के अनुसार अब यहां पंजीयन का काम ऑनलाइन तरीके से पूरा किया जाएगा। इसका पंजीयन कराने के लिए संबंधित उम्मीदवार को केवल एक बार दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के लिए काउंसिल कार्यालय तक आना होगा। बुधवार को फार्मेसी काउंसिल के आनंद नगर स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ऑनलाइन फार्मासिस्ट पंजीयन प्रक्रिया का उदघाटन करेंगे।


- ऑनलाइन होगा सिस्टम आज उद्घाटन

### यू ट्यूब पर सीधा प्रसारण

फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने बताया कि ऑनलाइन तरीके से फार्मासिस्ट, छात्र और काउंसिल के सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे। इसका सीधा प्रसारण यू ट्यूब पर देखा जा सकेगा। इसका लिंक फार्मेसी काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

# गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व का समागम सजे गुरुद्वारे, वाहेगुरु के जयकारों की गूंज






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुग्रंथ साहिब का 420वां सालाना प्रकाश पर्व को लेकर सिख संगत में खासा उत्साह है। इस मौके पर राजधानी के गुरुद्वारों में रंगीन झालरों से आकर्षक रोशनी की गई है। शबद कीर्तन के लिए जाने-माने रागी संगत को निहाल करने पहुंचे हैं। 4 सितंबर को स्टेशनरोड गुरुद्वारा से सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली जायेगी। प्रकाश पर्व का दो दिवसीय मुख्य समागम राजधानी के गुरु गोंविद सिंह गुरुद्वारा पंडरी में मंगलवार से शुरू हो गया। इस मौके पर वाहे गुरु के जयकारों की गुरुद्वारे में गूंज रही। बुधवार को सुबह 6 बजे स्टेशनरोड गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली जायेगी। यह प्रभातफेरी संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक, राठौर चौक होते हुए तेलघानी मार्ग से स्टेशनरोड गुरुद्वारा पहुंचेगी। गुरुगोविंद नगर पंडरी गुरुद्वारा में गुरुवाणी कीर्तन के मुख्य समागम में वाहे गुरु के जयकारों की गूंज के साथ संगत निहाल हुआ। उत्साह और श्रद्धा के साथ सिख समाज ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। कमेटी के मुख्य सेवादारी इंदरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, लवली अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मौके पर विशेष दीवान आकर्षक ढंग से सजाई गई है। मंगलवार की सुबह का दीवान प्रातः 8 से 10.30 बजे और शाम का दीवान 8 से 10.30 बजे तक रहा। बुधवार को अखंड पाठ साहिब 9.30 बजे समापन के साथ 10 से दोपहर 2 बजे तक और शाम की दीवान 7 से रात 12 बजे तक सजेगी। यहां महिला, पुरुष, युवा और बच्चे दीवान के दोनों तरफ एक साथ बैठकर गुरुवाणी कीर्तन की मिठास से सराबोर होंगे।

- स्टेशन रोड गुरुद्वारा से आज सुबह निकलेगी प्रभातफेरी



### गुरुवाणी कीर्तन की सुरमयी प्रस्तुति, संगत निहाल

420वां सालाना पहला प्रकाश परब के विशेष मौके पर हजूरी रागी दरबार साहिब से शुभदीप सिंह, रूद्रपुर वाले गुरुविंदर सिंह, हजूरी रागी गुरुद्वारा गोंविद नगर हरविंदर सिंह तथा गुरुद्वारे के ग्रंथी हरमिंदर सिंह सुरमयी प्रस्तुति से संगत को निहाल करेंगे। इस मौके पर गुरुग्रंथ साहिब की महिमा संगत को बताई जायेगी।

### आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को वेटिंग से राहत देने डीकेएस में होगी जांच

रायपुर। सीटी स्कैन और एमआरआई जांच के लिए पंद्रह दिन तक इंतजार करने वाले आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को राहत देने टेस्ट के लिए डीके अस्पताल भेजा जाएगा। इसके लिए दोनों अस्पताल प्रबंधन लिखित आदेश का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व में बनाई गई व्यवस्था फेल हो गई थी, इस बार स्वशासी समिति ने इस पर फैसला लिया है। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले तकरीबन दो सौ मरीजों को सीटी स्कैन अथवा एमआरआई की आवश्यकता होती है। इमरजेंसी वालों की जांच जैसे-तैसे हो जाती है, मगर अन्य मरीजों को इसके लिए पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल की मशीनें काफी पुरानी हो चुकी हैं, जिसकी क्षमता भी कम हो चुकी है। इन मशीनों को बदलने अथवा नई लगाने की योजना पर अभी अंतिम मुहर नहीं लग पाई है, इसलिए मरीजों को राहत देने दोनों तरह की रेडियोलॉजी के साथ अन्य पैथॉलॉजी जांच के लिए डीके अस्पताल भेजने की व्यवस्था पर सहमति बनी हुई है।

### एससी-एसटी के आरक्षण में नहीं होगा बदलाव

# हर निकाय और पंचायत में जनसंख्या के हिसाब से मिलेगा आरक्षण, आयोग प्रदेश के दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी वर्ग का अरक्षण तय करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग प्रदेश के दौरे पर है। बताया गया है कि आयोग ओबीसी के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी के अध्ययन के बाद आरक्षण तय किया जाएगा। खास बात ये है कि निकाय एवं पंचायत क्षेत्र में जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिया जाएगा, लेकिन एससी और एसटी को मिलाकर इसकी आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में गठित आयोग ने रायगढ़, जशपुर, बलरामपुर, और अंबिकापुर क्षेत्र का दौरा पूरा करने के बाद मंगलवार को रायपुर वापसी की है। इस दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में ओबीसी समुदाय के लोगों, संगठनों से मुलाकात साथ ही उनसे चर्चा की गई है। आयोग ये जानकारी भी जुटा रहा है कि ओबीसी वर्ग के कितने लोग शासकीय नौकरियों में है, कितने लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### जनसंख्या के आधार पर आरक्षण




बताया गया है कि आयोग हर निकाय एवं पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण की सिफारिश की जाएगी। इसे इस तरह समझा जा सकता है कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। खास बात ये है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक रखी जा सकती है। इस व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निकायवार एवं पंचायतवार आरक्षण तय किया जाएगा। आयोग के दौरे में ओबीसी के लोग तथा संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा की जा रही है। इस सिलसिले में जोगी समाज ने आयोग से मिलकर मांग रखी है कि उन्हें एससी में शामिल किया जाए। मप्र सहित कुछ अन्य राज्यों में जोगी एससी में शामिल हैं।

### अभी मिल रहे आरक्षण की स्थिति भी देखेंगे

इसी प्रकार राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्ययन। राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आंकलन तथा इसमें वृध्दि की उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं हेतु कौशल उन्नयन कार्यकमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा। पिछड़े वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक कल्याण हेतु अन्य उपाय तथा अनुशंसा भी की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में अध्ययन कर रिपोर्ट से राज्य शासन को अवगत कराया जाएगा।

## दंतेवाड़ा मुठभेड़ पर बोले साय- नक्सलवाद के खात्मे तक लड़ाई जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दंतेवाड़ा में हुई एक मुठभेड़ में 9 नक्सलियों के मारे जाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि नक्सलवाद के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 9 नक्सली मारे गए हैं। इसके साथ ही बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा 13 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किए जाने की भी खबर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस संबंध में कहा है कि निश्चित ही यह सुरक्षाबल के जवानों के लिए बड़ी सफलता है। मैं इस अभियान में शामिल सभी सुरक्षा अधिकारियों, जवानों की बहादुरी को सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। इसी मामले को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को बधाई दी है। श्री शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और यह हमारे जवानों की दृढ़ता और उनकी भुजाओं की ताकत के कारण संभव हो पा रहा है। बस्तर में शांति स्थापित हो रही है और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा। राज्य सरकार और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर कार्यरत है और हम छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

## खबर संक्षेप



### गांजे की बिक्री, आरोपी युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से गांजा बेचने का कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरप्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शीतला तालाब के पास गार्डन गेट चेक पोष्ट रुआबांधा बस्ती मे जयप्रकाश उर्फ टोपु अवैध रुप से गांजा का कारोबार करता था। युवक के पास से पुलिस ने एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में गांजा बेचने के लिए रखा हुआ था। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के के मार्गदर्शन में घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जय प्रकाश उर्फ टोपु निर्मलकर के पास से 1 किलोग्राम 970 ग्राम गांजा और बोरी का वजन 60 ग्राम कुल कीमती 20 हजार रुपए आंकी गई है।

### बाइक आपस में टकराई युवक की मौत

भिलाई। बाइक आपस में टकराने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मिनी माता चौक खुर्सीपार निवासी मीत्तू सांगा अपने दोस्त के साथ उमदा रोड से भिलाई तीन की ओर जाने के लिए निकला था। उसके साथ दूसरी बाइक में उसका रिश्तेदार था। इस दौरान अचानक मीतू की बाइक उसके रिश्तेदार की बाइक से टकरा गई। घटना में युवक सड़क पर गिर पड़ा । हादसे में मीत्तू और पीछे बैठे उसके दोस्त को चोट आई। गंभीर रुप से घायल मीत्तू और उसके दोस्त को अस्पताल पहुंचाया गया।

### कोरियर सर्विस आफिस में चोरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** अमेजन कोरियर सर्विस आफिस का ताला तोड़कर आलमारी से नगदी चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 331,305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि कर्मचारी नगर सिकोला भाठा निवासी अर्पित बरनवाल का करहीडीह जेवरा सिरसा में स्थित अमेजन कोरियर सर्विस पार्सल ऑफिस में मैनेजर पद पर कार्यरत है। 23अगस्त को मैनेजर ने शिकायत किया था कि अमेजन कोरियर सर्विस में कर्मी लव देवागंन फोन कर बताया कि शटर का ताला तोड़कर आलमारी में रखा गया नगदी रकम चोरी हो गया। पुलिस में शिकायत करने पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। मुखबिर व सीसी कैमरे को खंगालने के बाद एसीसीयू व जेवरा पुलिस ने आरोपी को पकड़ने प्लान तैयार किया। सीसीटीवी कैमरों का त्रिनयन एप्प के माध्यम से फूटेज निकाला गया। फूटेज में एक संदिग्ध काले रंग की हुंडई एसेंट कार में दिख रहा था। उसी आधार पर पुलिस ने कार की जानकारी जुटाई गई। उसके बाद कार का नंबर स्पष्ट होने पर वाहन मालिक तक पुलिस पहुच गई। पूछताछ करने पर पता चला कि उनका पहचान वाला बालाघाट एमपी निवासी सुनील कावडे कार का इस्तेमाल करने की जानकारी दी।

प्रेरणा : गुरुर विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला दर्रा में दे रहे हैं सेवा

# अपनी आंखों की रोशनी गंवा चुके शिक्षक तेजराम बच्चों के जीवन में फैला रहे हैं ज्ञान का उजियारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज शिक्षक दिवस है और इस खास मौके पर हम आपको जिले के ऐसे नेत्रहीन (दृष्टिबाधित) शिक्षक की कहानी बताने जा रहे हैं, जिनके माता–पिता अनपढ़ थे, खुद की आंखों में उजाला नहीं है, लेकिन जज्बा ऐसा कि स्कूली बच्चों के जीवन में ज्ञान की रोशनी भर रहे हैं।

जी हां चार साल की उम्र में ही अपनी दोनों आंखों की रोशनी गंवा चुके जिले के गुरुर विकासखंड के ग्राम दियाबाती निवासी शिक्षक तेजराम साहू ब्रेललिप के माध्यम से स्कूली बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को पढ़ाते हैं। शिक्षक तेजराम साहू द्वारा पढ़ाये जाने को लेकर स्कूली बच्चों का कहना है कि उन्हें कभी ऐसा नहीं लगा कि सर आंखों से देख नहीं सकते, क्योंकि वे जो पढ़ाते हैं, वही किताबों में लिखा होता है।





### घरेलू कार्यों में पत्नी की भी करते हैं मदद

शिक्षक तेजराम साहू की पत्नी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि तेजराम साहू सुबह 5 बजे उठकर व्यायाम करने के बाद पानी भरते हैं। उसके बाद समाचार सुनते हैं और अखबार पढ़ते हैं। सुबह स्कूल के समय शिक्षक रिखीराम उन्हें अपने वाहन में बैठाकर स्कूल ले जाते हैं, उसके बाद शाम को फिर वही वापस लाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जो हाई स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्हें शाम को स्कूल से आने के बाद घर में भी पढ़ाई में अच्छे से फोकस करने की बात कहते हैं।

### भजन कीर्तन करते हैं, हारमोनियम व तबला बजाने में हैं मास्टर

दृष्टिबाधित शिक्षक तेजराम साहू ने बताया कि वे भजन कीर्तन करते हैं और तबला तथा हारमोनियम बजाते हैं। हरिभूमि की टीम जब उनके घर पहुंची तो उन्होंने हारमोनियम और तबला बजाते हुए गीत भी सुनाए।

### बेस्ट दृष्टिबाधित कर्मचारी का मिला अवार्ड

स्कूल के शिक्षक रिखीराम देवांगन ने बताया कि शिक्षक तेजराम साहू को राज्य स्तर पर बेस्ट दृष्टिबाधित कर्मचारी का अवार्ड भी मिल चुका है। वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्कूली बच्चों को तैयार करते हैं, उन्हें डांस सिखाने, गीत गाने व तबला तथा हारमोनियम बजाने की भी प्रशिक्षण देते हैं।

### दृष्टिबाधित शिक्षक तेजराम का यह संघर्ष

तेजराम साहू ने बताया कि माता-पिता अशिक्षित थे। चार साल की उम्र में टाइफाइड होने पर इलाज कराने अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने कोई इंजेक्शन दिया, जिसके दोनों आंखों की रोशनी चली गई। उसी समय से संघर्ष शुरू हुआ और कक्षा पहली से आठवीं तक मटकुरेना के शासकीय दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित विद्यालय में शिक्षा हासिल की। उसके बाद कक्षा 9वीं से पीजी कॉलेज तक की पढ़ाई जबलपुर में हुई। वहीं साल 2005 से शिक्षक बनकर पहले बेमेतरा और अब बालोद जिले के गुरुर विकासखंड के ग्राम दर्रा शासकीय प्राथमिक शाला में सेवा दे रहे हैं।

## दिव्यांगता को परे रख बच्चों व शिक्षकों को प्रेरित कर रहे हैं डॉ शिवनारायण




**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंजोरा(ख) दुर्ग में व्याख्याता जीवविज्ञान के पद पर पदस्थ हैं दिव्यांग डॉ.शिवनारायण देवांगन आस। वे सबके लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शिक्षक का दायित्व बहुत ही अच्छे से निर्वाह करते हुए बच्चों को जीवविज्ञान को जीवन विज्ञान से जोड़ कर व नवाचार द्वारा सरल भाषा में बताकर निपुण कर रहे हैं। इससे परिणाम शत-प्रतिशत रहता है । शिवनारायण देवांगन अपने लिए नहीं बल्कि दूसरे शिक्षक व विद्यार्थियों को आगे लाने निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास कर रहे हैं। हजारों लोगों को सम्मानित कर चुके हैं, जिसके कारण कई शिक्षक राज्यपाल, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण जैसे विभिन्न सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। वे दूसरों को आगे बढ़ते व सम्मानित होते देख आनंदित होते हैं। डॉ देवांगन ने दिव्यांगता को कभी कमजोरी नहीं बनने दी, बल्कि सांस्कृतिक, साहित्य, कला, समाज सेवा कार्यक्रम के आयोजन निरंतर जारी रखते हुए सभी को मंच प्रदान कर पुरस्कार दिला रहे हैं। दिव्यांग व्याख्याता डॉ.शिवनारायण देवांगन आस शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक व संयोजक के रूप में शिक्षक व विद्यार्थी के लिये निरंतर आगे लाने कार्य कर रहे हैं।

# शिक्षा गुणवत्ता के लिए लगातार की कोशिश अनेक अभियानों से गांव को दिलाई पहचान

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के वनांचल ग्राम मडियाकट्टा मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर को राज्यपाल पुरस्कार 2021 में मिल चुका है। यह पुरस्कार मिलना आसान नहीं था। उन्होंने इस मंजिल तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की। वर्षों से गांव के विकास और स्कूल को संवारने के लिए उन्होंने काम किया। आज भी उनका यह काम निरंतर जारी है।



अलग-अलग अभियानों से वनांचल में बसे छोटे से गांव मडियाकट्टा को पूरे जिले और छत्तीसगढ़ में एक अलग नाम दिलाने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी के कारण यहां का शिक्षा स्तर भी बेहतर रहता है। वहीं, अलग-अलग अभियानों से जन जागरूकता फैलाने का काम भी राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर कर रहे हैं। हाल ही में एक विद्यार्थी एक पौधा अभियान भी आजादी के अमृत महोत्सव पर यहां चर्चा में रहा। जंगल से घिरे इस स्कूल में 2021 में उन्होंने स्मार्ट क्लास भी प्रारंभ किया, तो उनके स्कूल को 2022 में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार भी मिल चुका है।




**अपनी शैक्षणिक योग्यताओं के बलबूते बच्चों में भी ला रहे निखार :** वे राजनीति विज्ञान में एमए हैं वहीं, डीएड किया है। इसके अलावा कठपुतली प्रशिक्षण (सांस्कृतिक स्रोत प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली), फाउण्डेशन कोर्स प्रयास विद्यालय भिलाई, शिक्षकों का विशेष उन्मुखीकरण सेवाकालिन प्रशिक्षण, उच्च प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण, स्कूल रेडीनेश जनशाला प्रशिक्षण,एस.एस.प्रशिक्षण (एस.सी.आर.टी. रायपुर), आवश्यकता आधारित 20 दिवसीय प्रशिक्षण सीखना सिखाना पैकेज प्रशिक्षण, शिक्षक समाख्या प्रशिक्षण, स्वास्थ्य प्रशिक्षण, सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण,ए.एल.एम. प्रशिक्षण. सी.ए.सी. प्रशिक्षण, एमजीएमएल प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

# चिकारावादन में सिद्ध हैं मनहरण दास बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

लोक कलाकार मनहरण दास बंजारे का जन्म उनके नाना स्वर्गीय गुहा राम खुटेल के घर दीवान टोला में हुआ। उन्होंने वहीं अपनी प्राथमिक शिक्षा पूर्ण की और युवावस्था में रोजी-रोटी की तलाश में कोलिहापुरी में निवास करने लगे। श्री बंजारे छत्तीसगढ़ के गुणी और सज्जन चिकारा वादकों में से हैं। चिकारा मूलतः सतनामी समुदाय द्वारा सृजित लोक वाद्य है, जिसे वे स्वयं बनाते हैं और बेहद कुशलता के साथ खड़ी साज नाच, रहस लोक नाट्य, चौका भजन आरती सहित अन्य लोक कला दलों के साथ एक तंत्री वाद्य के रूप में प्रयुक्त करते हैं। श्री बंजारे ने

- अपने नाना गुहाराम खुटेल से सीखा चिकारा बनाना और बजाना



अपने नाना से ही चिकारा वादन की शिक्षा प्राप्त की। उनके नाना स्वयं चिकारा बजाने और बनाने में कोस में प्रसिद्ध थे।

वे एक कुशल व नामी बढ़ई थे। उनके गुणों को बचपन से अपनाते हुए आज भी उनके सम्मान और स्मृति स्वरुप उनके द्वारा बनाए गए चिकारों को संभाल कर रखे हैं, जिसे वे अपनी कला- साधना का प्रतीक मानते हैं। जनजाति शोधार्थी व प्रधान पाठक राम कुमार वर्मा ने अपने समुदाय विस्तार सेवा के तहत तानसेन समारोह ग्वालियर में होने वाले लोक वाद्य निर्माण एवं प्रदर्शन कार्यशाला से जोड़ते हुए इनसे संवाद की और चिकारा वादन की परंपरा पर विस्तार से चर्चा की। आगामी दिनों उनके द्वारा चिकारा का निर्माण, प्रदर्शन व संग्रहालय के लिए सुरक्षित रखने में योगदान दिया जाएगा।

### नई पीढ़ी को कला हस्तांतरित करने का प्रयास

मनहरण दास बंजारे छत्तीसगढ़ के नामी चिकारा वादकों में से एक हैं। पूर्व के नामी चिकारा वादक स्वर्गीय मान दास टंडन सेमरिया, गुहा खुटेल दीवान टोला, बनिया बांधे, शिवराम बांधे, मंगतु, गंगू को लगातार चिकारा बनाते व कुशलता के साथ बजाते हुए बचपन से देखा है। इन्हीं गुणों को आगामी पीढ़ी में हस्तांतरित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनजातीय संग्रहालय भोपाल से जुड़कर छत्तीसगढ़ सहित अन्य स्थलों पर चिकारा वादन की परंपरा को बढ़ाने का प्रयास प्रधान पाठक व जनजाति शोधार्थी लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा द्वारा पहल की गई है। आगामी कार्यशाला में मोहरी, खंजेरी, अलगोजवा, बांस, गदका-टुनटुनी का निर्माण और वादन की कार्यशालाओं का आयोजन युवा, विद्यार्थियों और लोक कलाकारों के लिए किया जाएगा।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 19 अक्टूबर को

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पूरे भारत में संचालित हो रही है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के ब्लाक प्रमुख विशम्भर सिंह बगमरिया ने बताया कि कक्षा 5 वीं से महाविद्यालय स्तर तक 9 वर्गों में परीक्षा संचालित की जाती है।

सभी वर्गों में राज्य स्तरीय प्रथम प्राप्त छात्रों को 3000 रुपये, द्वितीय को 2000 रुपये, तृतीय को 1500 रुपये के साथ ही शांतिकुंज हरिद्वार निःशुल्क यात्रा तथा व्यक्तित्व निर्माण कैरियर गाईडेंस शिविर में भागीदारी का अवसर मिलता है। जिला स्तरीय नौ वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को 700 रुपये, द्वितीय को 500 रुपये, तृतीय को 400 रुपये, साथ ही प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है।

ब्लाक स्तरीय नौ वर्गों में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान धारकों को विशेष प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की नामिनल शीट और सहयोग राशि 20 सितंबर 2024 तक जमा करेंगे। भारतीय सस्कृति ज्ञान परीक्षा तिथि 19 अक्टूबर शनिवार 11से एक बजे तक होगी। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से होगी, परीक्षा संचालन समिति द्वारा चार अंकों का स्कूल कोड दिया जायेगा उसे ओएमआर शीट में भरना है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सहायक प्रभारी दुष्यंत कोलियारे, भोला राम साहू, पीलूराम साहू, विरेंद्र कुमार साहू, ओमप्रकाश केशरा, गिरीश निर्मोही, विदेश चौहान, मिलन सिन्हा, प्रज्ञानंद बगमरिया, याद राम साहू, आदि कार्यकर्ता का विशेष योगदान रहेगा।

# तालाब के पास लगाए गए पौधे



**बालोद।** पोरा पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के युवाओं ने ग्राम हीरापुर के तालाब के समीप पौधारोपण किया।

इस दौरान युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का नारा देते हुए लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष चंद्रभान साहू और ब्लाक अध्यक्ष सुभाष साहू ने युवाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वयं भी और अन्य लोगों को भी पेड़ों की कटाई न करने तथा पर्यावरण हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान में कोनोकार्पस के कुल 25 पौधे लगाए गएगया। इस दौरान लिकेश्वर साहू, दीपक साहू, ऋषि साहू, पीताम्बर साहू, टिकेश्वर, पुनानंद, जागेश्वर, चमन साहू, लाकेश्वर, लल्ली, युवराज ठाकुर, दिलेश्वर, खेमचंद साहू सहित अनेक युवक उपस्थित थे।।

# अंचल में फैला झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर विकासखण्ड में झोला छाप डॉक्टरों द्वारा छोटी-मोटी बीमारियों के साथ गंभीर बीमारी के मरीजो के बिमारी को ठीक कर देने का लालच दिखाकर उनको लूट कर अपने जेब भरने का कार्य करने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। जब मामला ज्यादा बिगड़ जाता है तो अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए बड़े अस्पतालों में भेज दिया जाता है।

अधिकतर क्षेत्र ग्रामीण इलाका होने के कारण तथा जिले में पर्याप्त चिकित्सीय सुविधाएं जिलेवासियों को उपलब्ध होने होने के बाद भी जिले मे गंभीर बीमारी के मरीजों को भी छोला छाप डॉक्टरों द्वारा निशाना बनाकर उन्हें गुमराह करने शिकायतें आम हो गई है। जहां झोला छॉप डॉक्टरों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन भ्रमण करने के साथ बड़े ग्रामीण इलाकों में किराए का मकान लेकर स्वयं का क्लीनिक खोल ईलाज करने का काम किया जाता है। झोला छाप डॉक्टरों द्वारा प्रारंभ में अधिक डोज के साथ मरीजों को दवाई प्रदान कर दी जाती है, जिससे मरीजों को कुछ दिन तक ठीक तो लगता है, जिसके एवज में मोटी रकम भी ले ली जाती है। लेकिन जब शरीर में कुछ माह बाद फिर से वही तकलीफें शुरू होती हैं, तो उन्हें अपनी पहचान के निजी अस्पतालों में भेज दिया जाता है। वहां कई तरह की जांच और इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। वहीं, इन झोला छाप डॉक्टरों का प्रति मरीज पर कमीशन पहले तय रहता है। इस तरह पहले झोला छाप डॉक्टर लूटते हैं उसके बाद उसके द्वारा भेजे गए निजी अस्पताल। भारी-भरकम राशि खर्च करने के बाद भी मरीजों को राहत नहीं मिल पाती, तब समस्या और बढ़ जाती है।

### महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में कांग्रेस का धरना

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ सुपेला घड़ी चौक में मौन धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर अपनी नाराजगी जताई। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में महिलाओं पर अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

जामगांव आर में पर्युषण पर्व सप्ताह पर की गई धर्म आराधना

# धर्म जीवन जीने की कला सिखाता है : चंद्रकैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भगवान मल्लीनाथ जैन मंदिर भवन में श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन श्री संघ जामगांव आर ने पर्युषण पर्व सप्ताह धर्म आराधना करते बुधवार को भगवान महावीर की माता त्रिशला द्वारा गर्भावस्था में देखे गए, चौदह स्वप्न के प्रतीकों का दर्शन किया। पूजन वंदन करते हुए भगवान महावीर को प्रतीकात्मक पालना झुलाया।

चौदह स्वप्न का वाचन धर्म मर्मज्ञ चंद्रकैलाश बैद ने किया। इस हृदय स्पर्शी मनमोहक उत्सव में गोवर्धन कोचर लक्ष्मी बैद, रेखा बैद बीटियों के साथ, सुरेश सुशीला बैद, भारती कोचर, चंद्रकैलाश, ममता जैन, आसकरण गोलछा, मनीष बैद लाभान्वित हुए।



जिनकी बोली रही वे स्वप्न प्रतीक का जैन श्री संघ को दर्शन कराते गए।

धर्म मर्मज्ञ चंद्रकैलाश बैद ने कहा कि भगवान महावीर ने करके दिखाया त्यागमय जीवन में आनंद की गंगा प्रवाहित होती है। धर्म जीवन जीने की कला सिखाता है, जो धर्म से बाहर होकर जीवन यापन कर रहे हैं, उन्हें वो मंजिल नहीं मिलती जो वास्तव उन्हें मिलनी चाहिए। भगवान महावीर ने मानव को त्यागमय जीवन जीने में आनंद की अनुभूति कराया। जो त्याग मय जीवन जी रहे हैं वो समाज में परिवार में बड़ा आनंदित नजर आ सकते हैं बस इन्हें देखने का नजरिया अपने पास होना चाहिए।

### कर्म को धर्ममय बनाएं लोक परलोक संवर जाएगा

बैंद ने कहा कि शनिवार को क्षमा याचना पर्व है। उस दिन संवत्सरी प्रतिक्रमण करके 84 लाख जीव योनि से क्षमा याचना करते हुए विच्छमिढुक्कड़ करते हैं। उन्होंने कहा कि जो मूल भाव के तहत पालन करते हैं उनके जीवन में उसका लाभ मिलता है। औपचारिकता का फल भी औपचारिक ही मिलेगा हर कोई जानते हैं। धर्म को जो समझ लिए उनका कर्म धर्ममय होने लगता है और जीवन की कष्टदायक राह भी परलोक और जीवन संवारने में मददगार बनने लगती है।

